Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to upgrade College of Agriculture, Nagaur to 'Kendriya Sushk Krishi University' and also release funds for the purpose-laid.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): मैं राजस्थान के नागौर मे केंद्रीय शुष्क कृषि यूनिवर्सिटी की स्थापना की स्वीकृति के लिए भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए यह बताना चाहता हूँ कि 2014-15 के बजट मे भारत सरकार ने आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना व हरियाणा मे नवीन कृषि यूनिवर्सिटी की स्थापना की घोषणा की थी व 200 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया था और राजस्थान के अलावा सभी जगह वित्तीय बजट का आवंटन हो गया। इसलिए मेरी माँग है कि नागौर जिसकी भौगोलिक परिस्थितियां या व संस्थागत विकास यहाँ केंद्रीय शुष्क कृषि यूनिवर्सिटी की स्थापना करने के सारे मापदंड पूरे करता है और नागौर स्थित कृषि कॉलेज जो जोधपुर कृषि यूनिवर्सिटी के अधीन है, यहाँ 12 करोड़ रूपये के वितीय प्रोजेक्ट चल रहे हैं। 90 हैक्टेयर ज़मीन भी नागौर कृषि कॉलेज के पास उपलब्ध है इसलिए भारत सरकार नागौर के कृषि कॉलेज को केंद्रीय शुष्क कृषि यूनिवर्सिटी मे परिवर्तित कर बजट जारी करे ।

15.32 hrs